संख्याःई.डी.एन.एच(4)(प्रा.)1/2020 अवार्ड)
प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय,हिमाचल प्रदेश ।
दिनांक: शिमला– 171001, जून ,2020

प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय (हि.प्र.)
23 JUN 2020
शिमला–1

सेवा में

समस्त उप निदेशक (उच्च शिक्षा/ प्रारम्भिक शिक्षा)
हिमाचल प्रदेश ।

विषय वर्ष 2020 के राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार बारे ।

जैसा कि आप को विदित ही है कि राज्य सरकार प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर प्रतिभाशाली अध्यापकों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करती है । इस सन्दर्भ में आप को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भान्ति उच्चतर/ प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सरकारी पाठशालाओं में कार्यरत सभी वर्गों के पात्र अध्यापक राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन दिनांक 30.7.2020 तक OFF LINE सम्बन्धित उप शिक्षा निदेशक को कर सकते है । इस संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी उच्च/प्रारम्भिक शिक्षा से सम्बन्धित सभी वर्गों के पात्र अध्यापकों के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के मामलों का निपटारा जिला स्तर पर गठित की गई कमेटी द्वारा किया जायेगा । जिला स्तर की कमेटी प्रत्येक श्रेणी के पात्र शिक्षकों के नाम नियमानुसार प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय स्तर पर गठित की गई कमेटी को 10.8.2020 तक प्रेषित करेंगे ताकि ऐसे मामलों पर सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार समय पर वांछित कार्यवाही की जा सके । उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त मामलों पर विभाग द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जायेगा , यह भी सुनिश्चित करें, कि सम्बन्धित अध्यापक के विरूद्ध किसी भी प्रकार का न्यायिक मामला/ छानबीन लम्बित तो नहीं है, उसे अपने स्तर पर ही निरस्त करें । यदि इसमें किसी भी प्रकार की कमी पाई जाती है तो इसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

अतः आपको यह भी निर्देश दिए जाते है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु मामले इस निदेशालय को नियमानुसार ही भेजे यदि मामले निर्धारित मापदण्डों के आधार पर न हो तो उन मामलों पर निदेशालय द्वारा कोई भी विचार नहीं किया जाएगा और उसके लिए जिला स्तरीय कमेटी जिम्मेवार रहेगी ।

(रोहित जम्वाल)भ०प्रा०से०
निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
हिमाचल प्रदेश ।

पृष्ठांकन संख्या सम दिनांक शिमला–171001, जून ,2020
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं ।

1. सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला–2
2. निदेशक (उच्च शिक्षा) हिमाचल प्रदेश शिमला–1
3. समस्त खण्ड प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी हिमाचल प्रदेश

(रोहित जम्वाल)भ०प्रा०से०
निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा
हिमाचल प्रदेश ।

O/O the Deputy Director of Elementary Education,
Kangra at Dharmshala.

Endst No-EDN-KGR(E-7)Award-1/2020 Dated 24.06.2020
Copy to:-
1. All the Block Elementary Education Officers, District Kangra for information and necessary action.

24/6/2020

Deputy Director of Elementary Education,
Kangra at Dharmshala.

Scanned with CamScanner